गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 31.03.2014 का कार्यविवरण

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 31.03.2014 को सायं 04:00 बजे प्रशासनिक भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :-

01.	डॉ0 एम.एस.के. खोखर, कुलपति	अध्यक्ष
02.	प्रो0 ए.के. सक्सेना	सदस्य
03.	प्रो0 एस.एस.सिंह	सदस्य
04.	प्रो0 प्रतिभा जे. मिश्रा	सदस्य
05.	प्रो0 एस.के. चतुर्वेदी	सदस्य
06.	प्रो0 एल.पी. पटैरिया	सदस्य
07.	प्रो0 शैलेन्द्र कुमार	सदस्य
08.	प्रो0 व्ही.एस. राठौड़	सदस्य
09.	डॉ0 मनीष श्रीवास्तव	सदस्य
10.	डॉ0 अनुपमा सक्सेना	सदस्य
11.	डॉ0 भारती अहिरवार	सदस्य
12.	डॉ0 मोनिका भदौरिया	सदस्य
13.	प्रो0 एस.वी.एस. चौहान	सदस्य
14.	प्रो0 प्रदीप शुक्ला	सदस्य
15.	प्रो0 ए.एस. रणदिवे	विशेष आमंत्रित
16.	प्रो0 आई.डी. तिवारी, कुलसचिव (कार्यवाहक)	सचिव

बैठक के प्रारंभ में कुलपति जी ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् बैठक प्रारम्भ हुई।

विषय क्र.-01. **विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 20.03.2014 के कार्यवृत्त की संपुष्टि पर विचार करना।**

निर्णय लिया गया कि विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 20.03.2014 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की जाय।

विषय क्र.-02. विद्यापरिषद की स्थायी समिति के समक्ष यह तथ्य प्रस्तुत किया गया कि विश्वविद्यालय शैक्षणिक विभाग ''पत्रकारिता एवं जनसंचार'' के बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्रों ने अनौपचारिक संगठन आरोह का निर्माण किया है, जो प्रति मंगलवार पेड़ों के नीचे बैठक आयोजित करते है, इस हेतु विभागागध्यक्ष द्वारा अनुमति नहीं दी गई है।

प्रकरण के संबंध में विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि सक्षम अनुमति पश्चात् शैक्षणिक विभाग के स्तर पर विभागाध्यक्ष की अनुमति व विभाग के शिक्षक के मार्गदर्शन में अथवा अध्ययनशाला स्तर पर अधिष्ठाता अध्ययनशाला की अनुमति से एवं उनके द्वारा अधिकृत अध्यापक के मार्गदर्शन में इस प्रकार की गतिविधियां की जा सकती है, अन्यथा की स्थिति में इस प्रकार की गतिविधियां विश्वविद्यालय में अवैधानिक होगी। छात्रों द्वारा शैक्षणिक विकास हेतु आयोजित प्रतिस्पर्धामूलक आयोजन विभाग प्रमुख के मार्गदर्शन से ही आयोजित किये जाय।

विषय क्र.-03. **विदेशी छात्र श्री वासुदेव प्रसाद, कम्प्यूटर साईंस प्रथम वर्ष तथा श्री डेनियल शिप, समाज कार्य, प्रथम वर्ष को हिन्दी विषय में छूट प्रदान करने पर विचार करना।**

प्रकरण पर विचार किया गया। विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने अंकित किया कि उपरोक्त दोनों विदेशी छात्रों के हिन्दी विषय की परीक्षा तिथि को स्थगित की गई है। विदेशी छात्रों को हिन्दी पाठ्यक्रम के अध्ययन/अध्यापन में असुविधा न हो इसे दृष्टिगत रखते हुए संबंधित अध्यापक को बैठक में बुलाकर निर्देशित किया गया कि दोनों छात्रों को विषय के पाठ्यक्रम के संबंध में विधिवत् तैयार करायें, ताकि उन्हें परीक्षा देने में असुविधा न हों।

यह भी निर्णय लिया गया कि उक्त दोनों छात्रों की हिन्दी विषय की परीक्षायें 15 अप्रैल, 2014 को आयोजित की जाय तथा पात्रतानुसार विलम्ब शुल्क रहित परीक्षा आवेदन फार्म जमा कराया जाय।

विषय क्र.-04. विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने अंकित किया कि श्री प्रतिक तिवारी, बी.ई. द्वितीय सेमेस्टर के आवेदन दिनांक 21.03.2014 में छात्र ने यह निवेदन किया है कि उन्हें बी.ई. द्वितीय सेमेस्टर की पूरक परीक्षा में भौतिकी द्वितीय प्रश्न पत्र में उनके अपेक्षा अनुसार अंक प्राप्त नहीं हुए है। फलस्वरुप छात्र ने उक्त प्रश्न पत्र का पुनः मूल्यांकन कराये जाने का निवेदन किया है।

निर्णय लिया गया कि नियमानुसार कार्यवाही किया जाय।

अध्यक्ष एव उपस्थित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक सम्पन्न हुई।

कुलपति/अध्यक्ष **कुलसचिव (कार्यवाहक)**